हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 5 जनवरी 2024

तापमान

अधिकतम 12.0 डिग्री
न्यूनतम 4.0 डिग्री

11 विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया स्वागत



12 अयोध्या से आया निमंत्रण पत्र सौंपा



## शहर में आज

- रिटौली राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एनएसएस शिविर
- मॉडल टाउन स्थित सुभाष पार्क में हवन
- अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर
- रोडवेज में कर्मचारियों की मीटिंग।
- कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग तथा नृत्य तरू डांस समिति के संयुक्त तत्वाधान में दोपहर 2 बजें टैगोर ऑडिटोरियम में संगीत कार्यक्रम का आयोजन

# दिनभर ठंड से छुटती रही कंपकंपी, आठ को पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के बाद राहत मिलने के आसार, हो सकती है बूंदबांदी

**वेस्टर्न डिस्टर्बन्स से पहले होगी तापमान में बढ़ोतरी**

अमरजीत एस गिल ▶▶ रोहतक

राज्य का मौसम बेहद ठंडा और शुष्क बना हुआ है। कई दिन से अलग-अलग स्थानों पर घने से बहुत घना कोहरा छाया रहता है। रोहतक समेत हिसार, करनाल, नारनौल और अंबाला में दिन का तापमान लगातार सामान्य से कम होने की वजह से इन क्षेत्रों में अति गंभीर शीत लहर की स्थिति बन गई है। उम्मीद की जा रही है एक दो दिन बाद तापमान में वृद्धि होनी शुरू होगी।

इसके बाद ही लोगों को असहनीय सर्दी से कुछ राहत मिलेगी। मौसम विभाग के चंडीगढ़ केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक 8 जनवरी की रात से एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पश्चिम भारत समेत हरियाणा को प्रभावित करेगा। जिसमें मौसम में बदलाव आएगा। बताया जा रहा है कि कहीं-कहीं राज्य में बौछारें पड़ सकती हैं। सर्वविदित है कि वस्टर्न डिस्टबैंस के एक्टिव होने से पहले तापमान में बढ़ोतरी होती है।

### पश्चिमी विक्षोभ समुद्र तल से 3.1 किमी ऊपर

भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक जम्मू और उससे सटे उत्तरी पाकिस्तान पर एक चक्रवाती परिसंचरण के रूप में पश्चिमी विक्षोभ अब उत्तरी हरियाणा और आसपास के क्षेत्र में औसत समुद्र तल से 3.1 किमी ऊपर है। दक्षिण हरियाणा तथा आसपास के क्षेत्र पर प्रेरित चक्रवाती परिसंचरण अब दक्षिण पश्चिम उत्तर प्रदेश और आसपास के क्षेत्र पर स्थित है। उत्तरी कोंकण से लेकर दक्षिण हरियाणा पर बने चक्रवाती परिसंचरण तक बनी ट्रफ रेखा अब उत्तरी आंतरिक कर्नाटक से लेकर दक्षिण-पश्चिमी उत्तर प्रदेश पर बने चक्रवाती परिसंचरण तक औसत समुद्र तल से 1.5 किमी ऊपर बनी हुई है।

### सरसों की लहलहाती फसल दे रही बसंत का संदेश



रोहतक। भिवानी रोड स्थित खेतों में ऐसे खिल रही सरसों की फसल।

### पिछले दो सालों में जनवरी माह का ये रहा मौसम

8 जनवरी से मौसम बदल रहा है। बारिश होगी या नहीं। इसको लेकर इंतजार करना पड़ेगा। लेकिन गत वर्ष जनवरी में जिले में औसतन 9 एमएम बारिश हुई थी। जोकि फसलों के लिए काफी लाभदायक साबित हुई। रोहतक ब्लॉक में सबसे ज्यादा 15और सबसे कम लाखनमाजरा खंड में 4एमएम। महम में 9, सांपला में 10 और कलानौर में 7 एमएम दर्ज की गई थी। जनवरी 2022 पर नजर दौड़ाएं तो रोहतक में भारी बारिश हुई थी। औसतन आंकड़ा 47.9 रहा था। लाखनमाजरा खंड में सबसे ज्यादा 83, कलानौर में 31, सांपला में 48, महम में 38.9 और रोहतक ब्लॉक में39 एमएम पानी बरसा था। जनवरी में ज्यादा बरसात होने से तकरीबन हर उस गांव में गेहूं फसल खराब हो गई थी, जहां सेम की समस्या है।

**ऐसे जारी होता है पूर्वानुमान** :अमूमन कोई खबर पढ़ता है कि कहीं बारिश से हाल बेहाल होने वाला है तो कहीं शीतलहर का प्रकोप आने वाला है, तो उसके मन में ये सवाल जरूर कौंधता होगा कि आखिर मौसम विभाग अनुमान लगाता कैसे है। दरअसल देश में वर्तमान समय में मौसम का पूर्वानुमान उपग्रह डाटा और कंप्यूटर मॉडल के जरिए लगाया जाता है। इसके लिए आईएमडी इनसेट सीरीज के सुपर कंप्यूटर का इस्तेमाल किया जाता है। कंप्यूटर में डाटा जुटाने के लिए सबसे पहले बादलों की गति, उनका तापमान और उनके घनत्व का अध्ययन किया जाता है। जिसके बाद सुपर कंप्यूटर के जरिए इसकी गणना होती है कि कब, कैसे और कहां किस प्रकार का मौसम होगा।

## खबर संक्षेप

### रेगुलर व री-अपीयर की परीक्षाएं 22 से

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की एमएड तथा एमएड स्पेशल एजुकेशन के प्रथम सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर की केवल संबद्ध महाविद्यालयों की परीक्षाएं 22 जनवरी से प्रारंभ होंगी। परीक्षा नियंत्रक डॉ. बीएस सिंधु ने बताया कि उपरोक्त परीक्षाओं की डेटशीट विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी।

### मदवि में एनईपी की मीटिंग कल

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के शैक्षणिक विभागों के अध्यक्षों तथा संकायों के अधिष्ठाता की बैठक 6 जनवरी को दोपहर 1 बजे कुलपति कार्यालय के समिति कक्ष में होगी। कुलपति प्रो राजबीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की जाने वाली इस बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) के कारगर क्रियान्वयन, वर्ष 2024 में आयोजित की जाने वाली शैक्षणिक गतिविधियों तथा अन्य शैक्षणिक मुद्दों पर मंथन होगा।

### स्टेट पेंशनर्स समाज की बैठक आज

**रोहतक।** हरियाणा स्टेट पेंशनर्स समाज की बैठक मानसरोवर पार्क स्थित सीनियर सिटीजन क्लब में होगी। बैठक सुबह 10 बजे होगी। मीटिंग में संगठन की नई रणनीति पर चर्चा की जायेगी व संगठन की मुख्य मांगों पर भी चर्चा होगी। बैठक में राज्य प्रधान देवराज नांदल, चेयरमैन मेहर सिंह नैन, राज्य महासचिव ईश्वर सिंह सैनी, कार्यकारी राज्य महासचिव व कार्यकारी जिलाध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष आनन्द स्वरूप, रामचंद्र शर्मा, दयानंद यादव, प्रैस सचिव राजेंद्र शर्मा, राज्य कोषाध्यक्ष तुहीराम शर्मा, राज्य संगठन सचिव व जिला प्रधान देवीसिंह देसवाल आदि मौजूद रहेंगे।

### खरैंटी में खेत से ट्रांसफार्मर चोरी

**महम।** लाखन माजरा थाना क्षेत्र के गांव खरैंटी में एक किसान के खेत से बिजली का ट्रांसफार्मर चोरी हो गया। उत्तरी हरियाणा बिजली वितरण निगम के स्थानीय एसडीओ ने इस संबंध में लाखन माजरा थाने में शिकायत दी है। पुलिस को दी शिकायत में एसडीओ ने कहा है कि खरैंटी गांव निवासी शमशेर पुत्र बारा सिंह के नाम से उसके खेत में ट्रांसफार्मर लगा हुआ था। किसान ने बताया कि किसी ने उसका ट्रांसफार्मर चोरी कर लिया।

### मोखरा कॉलेज में सेमिनार 10 को

**महम।** साक्षी मलिक राजकीय महाविद्यालय मोखरा में बुधवार 10 जनवरी को ग्रामीण विकास विषय पर एक सेमिनार आयोजित किया जाएगा। प्रिंसिपल डॉ. सीमा जैन ने बताया कि सेमिनार में ऐतिहासिक परिदृश्य में ग्रामीण स्थिति, ग्रामीण आत्म निर्भरता, हस्तकला और लघु कुटीर उद्योग, ग्रामीण सभ्यता और संस्कृति, ग्रामीण विस्थापन की समस्या और समाधान व अन्य विषयों पर मंथन किया जाएगा।

# नगर निगम हाउस की मीटिंग में पास एजेंडों पर काम शुरू

**निगम की संबंधित शाखाओं को भेजे गए एजेंडे, बुधवार को हाउस के बैठक में पास किए गए थे 281 एजेंडे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नगर निगम की हाउस की मीटिंग में पाए किए गए 281 एजेंडों पर एक दिन बाद ही काम शुरू हो गया है। एजेंडों की कॉपी सम्बंधित शाखाओं को भेज दी गई है। आयुक्त जितेंद्र कुमार का तबादला होने के बाद संयुक्त आयुक्त विजय सिंह और राकेश सैनी की देखरेख में काम करवाए जाएंगे। नए कार्यों के लिए टेंडर जारी किए जाएंगे। साथ ही मेयर मनमोहन गोयल सहित सीनियर डिप्टी मेयर राजकमल सहगल व डिप्टी मेयर अनिल कुमार इन कार्यों की मॉनिटरिंग करेंगे। मेयर इन कार्यों की कुछ समय बाद स्टेट्स रिपोर्ट भी लेंगे। ताकि यह पता लग सके कि किस वार्ड में कितने काम शुरू हुए हैं। वार्डों में करवाए जाने वाले कार्य के लिए पार्षदों की भी मदद ली जाएगी।

### वार्ड एक के सुधरेंगे हालात

पास किए गए एजेंडों के मुताबिक वार्ड एक में एक हजार लाइट लगवाई जाएंगी। जो कॉलोनियां वैध हुई हैं उनमें सीवर, पानी की लाइन डाली जाएगी। आईडीसी चौक पर बने पार्क का नामकरण किया जाएगा। सैनिक कॉलोनी, अलकनंदा कॉलोनी, शमशान घाट के पास पार्क का निर्माण करवाया जाएगा। सिंहपुरा रोड, सूर्य नगर समेत जेपी कॉलोनी में





बांगड पुल के नीचे भी पार्क का निर्माण होगा। इसके अलावा बूस्टर के बंद पड़े निर्माण कार्य को दोबारा शुरू करवाया जाएगा। सैनिक कॉलोनी में सामुदायिक केंद्र भी बनाया जाएगा। इसके अलावा वार्ड में डिस्पेंसरी खोलने की भी योजना है।

### वार्ड दो बनेंगी गलियां

वार्ड में नेहरु कॉलोनी में छह गलियों का निर्माण कार्य करवाया जाएगा। इंदिरा कॉलोनी में चार गलियों का निर्माण कार्य होगा। नेहरु कॉलोनी में 700 फुट के रोड का निर्माण कार्य होगा। सैनी आनंदपुरा में मंदिर के सामने दो गलियां बनवाई जाएंगी। वहीं वार्ड चार में जर्जर हो चुके शौचालयों की मरम्मत के लिए काम शुरू किया जाएगा। जाट धर्मशाला के रूके हुए कार्यों को करवाया जाएगा। सोलगर वाली और अन्य गलियों का निर्माण होगा।

### वार्ड 7 को लगेंगी स्ट्रीट लाइटें

वार्ड में करीब तीन सौ स्ट्रीट लाइट लगाई जाएंगी। चुन्नीपुरा, प्रेम नगर, हैफेड व चमनपुरा की गलियों को बनाया जाएगा। पशु अस्पताल से लेकर जाट धर्मशाला तक रोड का निर्माण होगा। सैनीपुरा की तीन गलियों में सीवर लाइन डाली जाएंगी।

### वार्ड 9 में ये विकास कार्य होंगे

वार्ड में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाए गए मकानों के लिए गलियों का निर्माण किया जाएगा। पानी की लाइन बिछाई जाएगी। खेतों के रास्ते रेवन्यु रिकार्ड में पक्के करवाए जाएंगे। सेक्टर 3 व 14 की सड़कों की मरम्मत करवाई जाएगी। सेक्टर 3 व 4 के रेन वाटर सिस्टम की सफाई करवाई जाएगी।

### इनका उदघाटन आज

वार्ड नं 9, 11, 12, 13 और 21 में बनाए गए सार्वजनिक शौचालय व वार्ड नंबर 1 में हिसार रोड पर डा भीम राव अंबेडकर पार्क का उद्घाटन किया जाएगा। इन वार्डों में विकास कार्य होने से हजारों लोगों को इनका लाभ मिलेगा। इस मौके पर मेयर मनमोहन गोयल, सीनियर डिप्टी मेयर राजकमल सहगल, डिप्टी मेयर अनिल कुमार समेत अधिकारी मौजूद रहेंगे।

### कामों का पूरा किया जाएगा



हाउस की मीटिंग में जो एजेंडे पास किए गए हैं। उन सभी को पूरा किया जाएगा। अधिकारियों के सहयोग से वह हर वार्ड में इन कार्यों को पूरा करवाएंगे। आयुक्त जितेंद्र कुमार भी अधिकारियों को आदेश देकर गए हैं कि वह एजेंडों पर गम्भीरता से काम शुरू कर दें। सबंधित शाखाओं को एजेंडे भेजे गए हैं।

**-मनमोहन गोयल,** मेयर

### मेयर और पार्षदों का कार्यकाल भी नौ को खत्म हो रहा

मेयर और आयुक्त ने बुधवार को विकास भवन में हाउस की मीटिंग ली थी। जिसमें 22 वार्डों के पार्षद शामिल हुए। इस दौरान आयुक्त का तबादला होने पर उनको विदाई दी गई। साथ ही शहर के विकास के लिए 281 एजेंडे सामने रखे गए। जिन्हें सर्वसम्मति से पास किया गया। इनमें हर वार्ड के एजेंडे शामिल हैं। मेयर और पार्षदों का कार्यकाल भी नौ जनवरी को खत्म हो रहा है लेकिन इसके बावजूद वह इन विकास कार्यों को अंतिम रूप दिलवाने का प्रयास करेंगे।

# मोहित की हत्या मामले में आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



■ बाइक सवारों ने आठ अगस्त को कनपटी पर गोली मारी थी

पुलिस की सीआईए-1 व सीआईए-2 स्टाफ की टीम ने गांव चमारिया में सरकारी स्कूल के पास मोहित की हत्या की साजिश में शामिल आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है।

सीआईए-1 प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि 8 अगस्त को पुलिस को सूचना मिली कि गांव चमारिया में सरकारी स्कूल के पास एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। मृतक युवक की पहचान मोहित निवासी गांव चमारियां के रूप में हुई। मृतक के चाचा की शिकायत के आधार पर थाना सदर में केस दर्ज करके जांच शुरु की गई।

**फौज में जवान था:** जांच में सामने आया कि मोहित करीब तीन साल से फौज में नौकरी करता है। मोहित करीब 10 दिन पहले अपने घर 1 माह की छुट्टी लेकर आया था। 8 अगस्त को मोहित सुबह करीब 8.15 बजे अपने भतीजे जशन को मोटरसाइकिल पर गांव में स्थित सरकारी स्कूल में छोड़ने के लिए घर से निकला। मोहित अपने भतीजे को छोड़कर वापिस घर के लिए चला। मोहित जैसे ही सरकारी स्कूल के छोटे गेट के पास पहुंचा तो मोटरसाइकिल सवार तीन युवक आए और मोहित की कनपटी पर गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात के बाद तीनों युवक मोटरसाइकिल सहित मौके से फरार हो गए। सीआईए-1 निरीक्षक कुलदीप सिंह व सीआईए-2 आजाद नैन के नेतृत्व में टीम द्वारा अमल में लाई गई। जांच 4 जनवरी को आरोपी रिंकू उर्फ बोस निवासी चमारिया गिरफ्तार को किया गया है। आरोपी हत्या करने की साजिश में शामिल रहा है। वारदात में शामिल रहे सभी आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

### किलोई खास चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार

रोहतक। पुलिस ने किलोई खास में हुई चोरी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया है। सदर थाना प्रभारी मुरारी लाल ने बताया कि गाव किलोई निवासी जसबीर की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया। जांच में सामने आया कि जसबीर का घेर घर से थोडी दूरी पर है। 27 अक्टूबर 2023 की रात को करीब 4 बजे जसबीर घेर में गया तो उसे घेर का दरवाजा खुला मिला व घेर से एक इन्वर्टर व एक बैट्री चोरी हुए मिले। मामले में पुलिस ने अजय उर्फ भोला निवासी गांव किलोई खास को गिरफ्तार किया गया है।

## विवि कैंपस 12 से इंटर कॉलेज प्रतिस्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का छात्र कल्याण कार्यालय 12 से 20 जनवरी तक यूनिवर्सिटी कैंपस में विभिन्न अंतर महाविद्यालय प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन करेगा। निदेशक युवा कल्याण डॉ. जगबीर राठी ने बताया कि सदन की राय में भारत संपन्न और टिकाऊ अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है, विषय पर वाद-विवाद, शान एवं सुरक्षा विषय पर संभाषण, दुनिया में भारत विषय पर प्रश्नोत्तरी तथा सशक्त भारतीय विषय पर पोस्टर मेकिंग आदि प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन करेगा। उपरोक्त गतिविधियों में भाग लेने के लिए विद्यार्थी 10 जनवरी तक ईमेल आईडी- dean.dsw @mdurohtak.ac.in पर अपने नाम भेज सकते हैं या फिर ऑन द स्पाट एंट्री भी करवा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए छात्र कल्याण कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

## नेत्रहीन बच्चों ने मनाई लुई ब्रेल की जयंती





**रोहतक।** लुई ब्रेल की 215वीं जयंती नारी उदय फाउंडेशन द्वारा संचालित कपिल अंध प्रकाश विद्यालय व प्रशिक्षण केंद्र घनीपुरा में मनाई गई। जिसका शुभारम्भ संस्था की मेम्बर विनय ने लुई ब्रेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। इस दौरान सभी नेत्रहीन छात्रों ने भाषण, कविता व गीत प्रस्तुत किए गए। निदेशक रानी हुड्डा अहलावत व प्रिंसिपल गणेश खरात ने संस्था द्वारा किए जा रहे सभी डिप्लोमा कोर्स व ब्रेल शिक्षा के बारे में बताया। इस अवसर पर सुरेंद्र अहलावत, कृष्ण फौगाट, जिया, विनय, अरुण दुबे, अमित सिंह, बिरमति सहित अन्य मौजूद रहे।

# एमडीयू में 9 से 13 फरवरी तक होगा उत्तर-पश्चिम क्षेत्रीय युवा महोत्सव

**महोत्सव की तैयारियों को लेकर स्टूडेंट वेलफेयर के डीन की अध्यक्षता में हुई बैठक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

- आयोजन के लिए विभिन्न समीतियों का गठन किया
- मुख्य आयोजन टैगोर सभागार में होगा
- राधाकृष्णन सभागार, स्वराज सदन तथा अंबेडकर हॉल अन्य में भी होंगें



महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय 9 से 13 फरवरी तक उत्तर-पश्चिम क्षेत्रीय अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय युवा महोत्सव यूनिफेस्ट 2023-2024 का आयोजन करेगा। वीरवार को इवेंट की तैयारियों बारे डीन, स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. रणदीप राणा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस आयोजन समिति के सदस्यों ने शिरकत की। प्रो. राणा ने कहा कि कुलपति प्रो. राजबीर सिंह की प्रेरणा से बेहतरीन मेगा इवेंट यूनिफेस्ट का आयोजन किया जाएगा। आयोजन के प्रबंध के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया जा रहा है। डीन, स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. राणा ने कहा कि मुख्य आयोजन टैगोर सभागार में होगा। राधाकृष्णन सभागार, स्वराज सदन तथा डॉ. अंबेडकर हॉल अन्य आयोजन स्थल रहेंगे। निदेशक युवा कल्याण डॉ. जगबीर राठी तथा सहायक निदेशक युवा कल्याण डॉ. प्रताप राठी ने यूनिफेस्ट आयोजन संबंधित जरूरी जरूरी इनपुट्स दिए। बैठक में चीफ वार्डन बॉयज प्रो. सत्यवान बरोदा, चीफ वार्डन गर्ल्स प्रो. सपना गर्ग, निदेशक यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल प्रो. विनिता शुक्ला, कार्यक्रम समन्वयक यूथ रेड क्रॉस प्रो. अंजु धीमान, कार्यकारी अभियंता जेएस दहिया, निदेशक जनसंपर्क सुनित मुखर्जी,केएल भाटिया तथा कृष्ण कुमार शामिल हुए। गौरतलब है कि इस साहित्यिक-सांस्कृतिक यूनिफेस्ट में उत्तर पश्चिम क्षेत्र के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों की टीमें भाग लेंगी।

### हरियाणा तथा नृत्य तरू डांस समिति का कार्यक्रम आज मदवि में

**रोहतक।** कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा तथा नृत्य तरू डांस समिति के संयुक्त तत्वाधान में 5 जनवरी को दोपहर 2 बजे महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के टैगोर ऑडिटोरियम में संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। नृत्य तरू डांस समिति की अध्यक्ष मालविका पंडित ने बताया कि इस कार्यक्रम में भारत पुनर्वास परिषद की चेयरपर्सन डॉ.सरनजीत कौर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगी जबकि कला एवं सांस्कृतिक अधिकारी रेणु हुड्डा विशिष्ठ अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत करेगी।

# मदवि के दो विद्यार्थियों का यूथ पार्लियामेंट में चयन

## प्रवीन और कीर्ति करेंगे प्रतिनिधितत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के दो विद्यार्थियों प्रवीन कुमार तथा कीर्ति का चयन राष्ट्र स्तरीय नेशनल इनवायरमेंट यूथ पार्लियामेंट 2024 के लिए हुआ है। एनवायरमेंट नोडल ऑफिसर डॉ. रचना भटेरिया ने बताया कि बीए एलएलबी आनर्स के विद्यार्थी प्रवीन कुमार तथा कीर्ति ने हरियाणा और जम्मू कश्मीर जोन की रीजनल लेवल नेशनल इनवायरमेंट यूथ पार्लियामेंट 2024 में भाग लिया था। इसके बाद दोनों का नेशल के लिए चयन किया गया।

### प्रशासन ने दोनों को सराहा





कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय में स्टूडेंट्स फॉर डेवलपमेंट एंड पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के सहयोग से आयोजित इस यूथ पार्लियामेंट में प्रवीन कुमार तथा कीर्ति का चयन नेशनल लेवल नेशनल इनवायरमेंट यूथ पार्लियामेंट 2024 के लिए हुआ। डॉ. रचना भटेरिया ने इन दोनों विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

रोचक / प्रत्यूष शर्मा



बच्चों, अगर तुम विंटर वेकेशन पर अपनी फैमिली के साथ कहीं स्नोफॉल वाले इलाके में जाने का प्लान कर रहे हो तो कुछ क्रिएटिव-मजेदार आउटडोर गेम्स और एक्टिविटीज के बारे में जरूर जान लो, ताकि वहां जाकर इन्हें एंज्वॉय करो।

# विंटर वेकेशन में करो फन इन आउटडोर एक्टिविटीज संग

बच्चों, बर्फबारी वाले इलाके में जाकर फैमिली के साथ मजे करने के लिए आउटडोर एक्टिविटीज एक बहुत मजेदार ऑप्शन है। यहां हम तुम्हें कुछ एक्टिविटीज के बारे में बता रहे हैं, जो विंटर वेकेशन का मजा दोगुना कर देंगी।

### स्नोमैन या स्नो एनिमल्स

बर्फबारी वाले इलाके में फैमिली के साथ जमीन पर पड़ी बर्फ से स्नोमैन बनाने से बेहतर यादगार लम्हा कुछ और नहीं हो सकता। बच्चों, अगर तुम इस एक्टिविटी में क्रिएटिव बदलाव लाना चाहते हो तो स्नोमैन के बजाय अपने किसी फेवरेट एनिमल जैसे- भालू, बिल्ली, कुत्ता, पेंगुइन की आकृति भी बना सकते हो। इन्हें देखकर बहुत मजा आएगा।

### आइस स्केटिंग

विंटर में जहां बर्फबारी होती है या तापमान जीरो डिग्री सेल्सियस के नीचे रहता है। वहां आउटडोर एक्टिविटीज में आइस स्केटिंग सबसे



मजेदार खेल है। आइस स्केटिंग आउटडोर रिंक (एक निर्धारित आइस कोर्ट) पर करते हैं। अधिकांश रिंक में बड़ों के साथ कम उम्र के बच्चों के लिए भी आइस स्केट्स उपलब्ध होती हैं। यहां बच्चों एक बात का ध्यान रखना कि आइस स्केटिंग करते समय अपने सिर और अंगुलियों की सुरक्षा के लिए हेलमेट और मोटे दस्तानें जरूर पहन लेना।

### स्कीइंग-स्नो बोर्डिंग गेम्स

बच्चों, स्कीइंग और स्नो बोर्डिंग बहुत मजेदार गेम्स हैं। बर्फबारी वाली पहाड़ी पर ये दोनों गेम खेलने में बहुत मजा आता है। बच्चों के लिए भी स्कीइंग और स्नोबोर्ड के लिए जरूरी उपकरण उपलब्ध कराए जाते हैं। अगर तुम स्कीइंग में नए हो तो वहां पर तुम्हें स्की ट्रेनर भी मिल जाएगा। एक बार जब तुम स्कीइंग या स्नोबोर्ड चलाना सीख जाओगे तो इसमें बहुत मजा आएगा।



### रंगीन बर्फ के गोले

बच्चों, स्नोफॉल होने पर तुम रंग-बिरंगे बर्फ के गोले बना सकते हो। इसके लिए जमीन पर गिरी बर्फ को इकट्ठा करके थोड़ा गर्म करके पिघला लो। पानी ठंडा होने पर गुब्बारे में भर लो, इसी के साथ तुम खाने में उपयोग किए जाने वाले रंग की कुछ बूंदें भी इसमें मिला सकते हो। इसके बाद रंगीन पानी के गुब्बारों को घर के बाहर पड़ी बर्फ में डालकर ऊपर से बर्फ से ढंक दो, इसे कुछ घंटों के लिए छोड़ दो। एक बार रंगीन पानी जम जाने पर, गुब्बारों को फोड़ो। अब तुम्हारे पास अपनी पसंद के रंगों के सुंदर बर्फ के गोले होंगे। इन्हें सजाने के लिए या खेलने के लिए बाहर ले जा सकते हो।



### बर्फ का महल

बच्चों, गर्मियों में रेत के महल तो तुमने खूब बनाए होंगे, विंटर में बर्फ का महल बनाना भी बहुत मजेदार एक्टिविटी है। रेत के महल बनाने के उपकरण जैसे कप, कटोरे, फावड़े आदि की जरूरत होती है, बर्फ के महल के लिए भी इन उपकरणों की जरूरत होगी। इनकी मदद से अपने भाई-बहन और पैरेंट्स के साथ बर्फ का महल बनाओ फिर इसे पेड़ के पत्तों से सजाओ। महल को अनोखा बनाने के लिए इसमें थोड़ा रंगीन पानी भी डाल सकते हो। *



### पेट के लिए बनाओ स्पेशल स्नो केक



**केक किस** को पसंद नहीं होता, हर किसी को केक पसंद होता है, यहां तक कि पेट एनिमल्स को भी। बच्चों, बर्फबारी वाले इलाके में जाकर तुम अपने पेट के लिए स्नो केक बना सकते हो। जमीन पर एक बड़ा स्नो केक बनाने के लिए बर्फ का उपयोग करो। अपने एनिमल की फेवरेट चीजों को बर्फ के ऊपर सजा सकते हो। तुम्हारा पेट एनिमल स्नो केक देखकर बहुत खुश हो जाएगा। *

# माउंट एवरेस्ट के ऊपर उड़ने वाला बार-हेडिड गूज

अनोखा पक्षी



बच्चों, इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। तुम्हें सुबह-सुबह रजाई से बाहर आने में बहुत आलस आता होगा। जरा-सा ठंडा पानी शरीर पर लग जाए तो पूरे शरीर में कंपकंपी होने लगती होगी। दुनिया में एक ऐसा पक्षी है, जो ऐसी कड़ाके की ठंड में हिमालय पर्वत श्रृंखला के ऊपर आसानी से उड़ान भर लेता है। इस अनोखे पक्षी का नाम बार-हेडिड गूज है। यह हंस की एक प्रजाति है, जिसे अपने देश में राजहंस कहा जाता है।

बच्चों, बार-हेडिड गूज प्रजाति बांग्लादेश, भूटान, चीन, अफगानिस्तान, भारत, मंगोलिया, म्यांमार, नेपाल, पाकिस्तान, रूस, थाईलैंड और वियतनाम देशों में पाई जाती है। यह प्रजाति सर्दी के मौसम में भारत की ओर प्रवास करती है। इस दौरान यह पक्षी हिमालय पर्वत श्रृंखला को पार करता है। यह औसतन 20,000 फीट तक की ऊंचाई पर उड़ान भरता है। इसलिए बार-हेडिड गूज का नाम दुनिया में सबसे ज्यादा ऊंचाई पर उड़ने वाले पक्षियों में शामिल है। उड़ान भरने के दौरान जब यह हिमालय के मध्य से उड़ान भरता है तो हवा की गति 322 किमी. प्रति घंटा होती है। जानकारों के अनुसार पर्वतारोहियों ने बार-हेडिड गूज को माउंट एवरेस्ट की चोटी के ऊपर से उड़ान भरते हुए देखा है, यह ऊंचाई करीब 30,000 हजार फीट से अधिक होगी। इसके अलावा बार-हेडिड गूज लगातार लंबी दूरी तक की उड़ान भरने में सक्षम है। कहा जाता है कि यह पक्षी एक ही दिन में बिना रुके 1,000 मील यानी करीब 1,609 किमी. की दूरी तय कर सकता है। वैज्ञानिकों के अनुसार इसकी वजह इस पक्षी के शक्तिशाली पंख होते हैं। साथ ही इस पक्षी की रक्त कोशिकाओं में एक विशेष प्रकार का प्रोटीन पाया जाता है, जो काफी ऊंचाई पर भी ऑक्सीजन को बहुत जल्दी अवशोषित करने में मदद करता है। इसलिए यह हिमालय पर्वत श्रृंखला को आराम से पार कर लेता है। *

प्रस्तुति : देवेंद्र पांडे

## बूझो तो जानें



1
मूंग नहीं लेकिन फली निराली,
जाड़ों की मेवा कहलाती।
बड़े स्वाद से मुझको खाते
तन में सबके शक्ति बढ़ाती।।

2
नन्हा हूं लेकिन शक्ति बढ़ाता,
सफेद, काला दो रंग में आता।
गजक, लड्डू बनते हैं मुझसे,
सर्दी लगने से मैं हूं बचाता।

3
किश और मिश में नाम छिपा है,
बड़ी मुलायम शक्ति वाली।
बच्चे-बूढ़े सबको मैं भाऊं,
खीर का स्वाद बढ़ाने वाली।।

4
तन मेरा है बड़ा कठोर,
तोड़ो तो मस्तक-सा चित्र।
जो खाता मेरे फल को,
शक्ति दूं मैं सच्चा मित्र।।


-डॉ. राकेश चक्र

उत्तर- 1-मूंगफली, 2-तिल, 3-किशमिश, 4-अखरोट



कविता / इंद्रजीत कौशिक

## रजाई



जब से देखो सर्दी आई
मुझको भाने लगी रजाई।
जब इसमें घुस जाता हूं,
बाहर नहीं फिर आता हूं।
नींद बहुत प्यारी आती,
आंख सुबह ही खुल पाती।
अच्छे-अच्छे सपने आते,
सपने में ही हलुवा खाते।
मम्मी आकर मुझे जगाती,
शाला की फिर याद दिलाती।
हर रोज बस यही कहानी,
नहीं रजाई का कोई सानी।

## जीके क्विज-86



1. मध्य प्रदेश का उज्जैन जिला किस नदी के तट पर बसा है?
2. देश में सबसे बड़े आकार वाली वीणा प्रतिमा कहां स्थापित की गई है?
3. भारत का एक राज्य, जो कभी भी अंग्रेजों का गुलाम नहीं हुआ था?
4. हाल में वित्त आयोग का नया अध्यक्ष किसे बनाया गया?
5. विश्व वन दिवस कब मनाया जाता है?
6. भारत के किस राज्य को 'कोयले का भंडार' कहा जाता है?
7. भारत की सबसे प्राचीन पर्वत श्रृंखला का क्या नाम है?
8. महात्मा गांधी से पहले भारतीय नोट पर किसकी तस्वीर छपती थी?
9. कर्क रेखा भारत के कितने राज्यों से होकर गुजरती है?
10. टी-20 मैच की एक पारी में कितने ओवर खेले जाते हैं?



बच्चों, जीके क्विज-86 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।


**जीके क्विज-85 का उत्तर :** 1-विष्णुदेव साय, 2-डॉ. मोहन यादव, 3-वृंदा घनश्याम राठी, 4-88, 5-मछली, 6-इलायची, 7-ताजमहल, 8-सरदार वल्लभभाई पटेल, 9-शतरंज, 10-3,600 सेकेंड

**जीके क्विज-85 का सही उत्तर देने वाले :** पूर्वी-दुर्ग, आकांक्षा-अहमदाबाद, रौनक-जांजगीर, ईशान-अहमदाबाद, आदित्य-धमतरी, अयान-भिलाई, गीतेश-रायपुर, दुर्गेश-बालोद, किशन-धमतरी, कृष-अनुपपूर, चेतन-बालोद,

कहानी
हरीश कुमार 'अमित'

स्कूल जाते समय शशांक जब सर्दी में एक भिखारी को ठंड से कांपता देखता तो उसको भिखारी पर बहुत दया आती। शशांक ने भिखारी की मदद करने की सोची। जब उसने अपने पापा-मम्मी से यह बात कही तो वे बोले, 'दुनिया में बहुत सारे गरीब-दुखियारे हैं, किस-किस की मदद करोगे?' लेकिन शशांक माना नहीं, उसने जो किया, उससे उसे ही नहीं, मम्मी-पापा को भी अनोखी खुशी मिली।

# अनोखी खुशी




सुबह स्कूल जाते समय बस की खिड़की से शशांक एक भिखारी को सड़क किनारे भीख मांगते हुए देखता था। उस भिखारी के कपड़े मैले-कुचैले और फटे-पुराने होते थे। वह सर्दी से ठिठुरता रहता था। उसकी एक टांग भी घुटने से नीचे कटी हुई थी। भिखारी को देखकर शशांक को उस पर दया आती। उसका मन करता कि भिखारी की कोई मदद करे।

एक दिन रात के समय खाना खाने के दौरान शशांक ने मम्मी-पापा को उस भिखारी के बारे में बताया। उसने यह भी कहा कि उस भिखारी को सर्दी से बचाने के लिए हमें कुछ करना चाहिए।

शशांक की बात सुनकर पापा बोले, 'बेटा, दुनिया में ना जाने कितने गरीब-दुखियारे हैं। हम किस-किस की मदद करेंगे?' बीच में मम्मी भी बोलीं, 'दूसरे लोग भी तो उस भिखारी को देखते होंगे, कोई और कर देगा मदद।'

लेकिन शशांक पर मम्मी-पापा की बात का कोई असर नहीं हुआ, वह बोला, 'मम्मी-पापा, सर्दी के इस मौसम में उसे कितनी मुश्किल होती होगी। आप उसे देखेंगे तो आपको भी उस पर बहुत दया आएगी।'

थोड़ी देर की बातचीत के बाद अंत में यही तय हुआ कि आने वाले रविवार को पापा शशांक को साथ लेकर उस भिखारी को देखने जाएंगे। रविवार को जब पापा और शशांक उस जगह पहुंचे, जहां वह भिखारी बैठकर भीख मांगता था, वहां पर नहीं था। आस-पास के लोगों से पूछने पर पता चला कि वह आज भीख मांगने नहीं आया है। यह भी मालूम हुआ कि वह पास की गली में कहीं रहता है।

पापा और शशांक उस भिखारी को ढूंढ़ते हुए उसके पास पहुंचे तो पता चला कि सर्दी लग जाने के कारण उसे बुखार था। इसी कारण वह भीख मांगने नहीं गया। पापा को भी उस भिखारी को देखकर दया आई। कुछ देर बाद पापा और शशांक घर लौट आए। उन्होंने मम्मी को भी भिखारी की स्थिति के बारे में बताया। मम्मी को भी उस पर बहुत तरस आया। मम्मी-पापा ने उस भिखारी की मदद करनी चाही, लेकिन यह समझ नहीं आ रहा था कि मदद की कैसे जाए? तभी शशांक बोला, 'पापा, यह दीवार पर आपकी जो फोटो लगी है, उसमें आपने बंद गले का कोट पहना हुआ है, लेकिन अब आप यह कोट पहनते नहीं। पापा, यह कोट कहां है?' 'शशांक, यह कोट बहुत पुराना हो गया था, इसलिए उसे पहनना बंद कर दिया। वह कोट किसी अटैची में ही बंद रखा है।' पापा ने बताया।

यह सुनते ही शशांक बोला, 'पापा, क्यों न यही कोट उस भिखारी को दे दिया जाए, वह ठंड से बच जाएगा।'

शशांक की बात मम्मी-पापा को पसंद आई।

तभी मम्मी को कुछ याद आया और वह बोलीं, 'एक गर्म जुराब भी पड़ी है, लेकिन सिर्फ एक पैर की। इसके साथ की दूसरी जुराब ना जाने कहां गुम गई थी। वह जुराब भी हम उस भिखारी को दे सकते हैं।'

यह सुनकर शशांक उत्साह से भर उठा, बोला, 'पापा, आज शाम को ही चलते हैं, उस भिखारी को कोट और जुराब देने!'

शाम को जब पापा और शशांक उस भिखारी के पास जाने लगे, तो मम्मी ने उस भिखारी के लिए गर्म खाना भी पैक करके दे दिया। साथ ही यह भी कहा कि उसे गर्म चाय भी पिला देना। पापा ने बुखार के लिए दवाई भी रख ली।

भिखारी को सारा सामान देकर कुछ देर बाद शशांक जब पापा के साथ वापस घर आया तो बहुत खुश था। साथ में मम्मी-पापा को भी एक अनोखी खुशी-सी महसूस हो रही थी। अगले दिन शशांक के स्कूल की छुट्टी थी। मंगलवार को जब वह स्कूल जा रहा था तो उसने बस की खिड़की से देखा, वही भिखारी उसके पापा का बंद गले का कोट पहन कर सड़क किनारे बैठा भीख मांग रहा था। उसने बाएं पैर में वही गर्म जुराब भी पहनी हुई थी। यह सब देख शशांक को एक बार फिर से बहुत खुशी हुई। *

जंतु-जगत / अशोक जोशी

# सर्दियों में शीतनिद्रा में चले जाते हैं भालू

बच्चों, भालू सर्दियों के दौरान शीतनिद्रा में चले जाते हैं। इसे जीव विज्ञान की भाषा में हाइबरनेशन कहा जाता है। लेकिन ऐसा भी नहीं है कि भालू पूरी सर्दी में बस सोते ही रहते हैं। भालुओं के लिए शीतनिद्रा का मतलब है कि उन्हें खाने या पानी पीने की जरूरत नहीं होती है। उन्हें शौच करने की जरूरत भी बहुत कम या बिल्कुल नहीं होती है। यदि भोजन बहुत कम या बिल्कुल भी उपलब्ध नहीं है, तो सर्दियों के दौरान भालुओं को अपनी मांद में रहना पड़ता है।



बच्चों, अलास्का (जहां सर्दी बहुत ज्यादा पड़ती है) में भालू साल के लगभग सात महीने शीतनिद्रा में रहते हैं। गर्म, तटीय क्षेत्रों में यह समय दो से पांच महीने का होता है। नवजात शावकों को पालने वाले भालुओं के लिए शीतनिद्रा का समय लंबा होता है।

भोजन और पानी के बिना लंबे समय तक जीवित रहने के लिए भालुओं में अनुकूलन विशेषताएं यानी एडाप्टेशन क्वालिटीज डेवलप हो जाती हैं। भालू अपने शरीर का तापमान 8 से 12 डिग्री सेल्सियस कम कर लेते हैं, और ऊर्जा के लिए शरीर में संरक्षित वसा भंडार (फैट स्टोरेज) को तोड़ देते हैं। इसके लिए वो शरीर में स्टोर एक्स्ट्रा प्रोटीन का भी उपयोग करते हैं। अपने शरीर में गर्मी को बेहतर ढंग से बचाए रखने के लिए भालू अपना स्थान बदलते रहते हैं।

बच्चों, तुमने चिड़ियाघर में सर्दी के मौसम में भालुओं को देखा होगा। वहां भालू के लिए अनुकूल वातावरण निर्मित किया जाता है। भालू को अपना भोजन ढूंढ़ने बाहर नहीं जाना पड़ता है। सर्दियों के दौरान उनकी गति धीमी हो जाती है, वे सामान्य से अधिक समय तक सोते हैं। कुछ चिड़ियाघर के भालुओं को साल भर खाना खिलाया जाता है, इसलिए वे शीतनिद्रा में नहीं जाते हैं। वहीं, कुछ चिड़ियाघरों में भालुओं को प्रकृति के अनुकूल बनाए रखने के लिए सर्दियों में लंबे समय तक सोने दिए जाता है, ताकि वो स्वस्थ्य रहें और उनका वजन ज्यादा ना बढ़े। *

## रंग भरो-141

**रंग भरो-141** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





पलक, धमतरी



सौम्य, बालोद



समृद्धि, शहडोल



पूनम, बिलासपुर



रुकमणी, कबीरधाम



ईशानी, कोरबा

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

रेयांश-बिलासपुर, आयुषी-सक्ती, मीनू-महेंद्रगढ़, जितेंद्र-रोहतक, माही-गुना, हार्दिक-बिलासपुर, हंसराज-कोरबा, कार्तिक-दिल्ली, खुशी-रायपुर, चंपक-भोपाल, कविता-जबलपुर, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, विभा-रोहतक, तानिया-महासमुंद, गगन-भोपाल

## रंग भरो 142




बच्चों, यहां पर एक सुंदर-सा चित्र दिया गया है, जिसमें एक बच्चा अपने डॉगी को खाना खिला रहा है। इसको मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## सही परछाई पहचानो

बच्चों, यहां बर्फ के गोले के साथ खेलती एक बच्ची का चित्र दिया गया है। चित्र के साइड में 6 परछाइयां दी गई हैं। तुम्हें इन परछाइयों में से उस परछाई को पहचानना है, जो बच्ची के चित्र की एकदम सही परछाई है। जल्दी से सही परछाई को पहचानो तो।






उत्तर : E

## खबर संक्षेप



### वैश्य महिला महाविद्यालय के कर्मचारियों को मिला वेतन

**रोहतक।** वेतन न मिलने के विरोध में पिछले 19 दिनों से धरने पर बैठे वैश्य महिला महाविद्यालय के एसएफएस कर्मचारियों का धरना वीरवार को समाप्त हो गया। शिक्षक व गैर शिक्षक वर्ग ने बताया कि कर्मचारियों द्वारा 5 महीने के वेतन की मांग को लेकर जो धरना प्रदर्शन था वह समाप्त हो गया है। कर्मचारियों ने बताया कि वीरवार को वैश्य एजुकेशन सोसाइटी के उप प्रधान दीपक जिंदल, महासचिव राजेंद्र बंसल और कोषाध्यक्ष चंद्र गर्ग, नितिन तायल ने प्रदर्शन स्थल पर पहुंचकर चेक व एफडी पर हस्ताक्षर कर कर्मचारियों के लिए फंड की व्यवस्था की।

### दीपेंद्र हुड्डा के जन्मदिवस पर बांटे लड्डू

**रोहतक।** राज्य सभा सांसद और कांग्रेस नेता दीपेंद्र सिंह हुड्डा के 46वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में चिन्योट कालोनी में महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताओं ने गरीब बस्तियों में लड्डू बांटे गए। महिला जिला अध्यक्ष संगीता सहरावत ने कहा कि दीपेंद्र हुड्डा आम आदमी की वह आवाज है जिसे कोई दबा नहीं सकता। उन्होंने कहा कि दीपेंद्र हरियाणा के हितों के लिए सदन में लगातार लड़ रहे हैं। इस अवसर पर महिला कांग्रेस की उपाध्यक्ष नीतू शर्मा, भावना हुड्डा, सचिव मीनाक्षी कटारिया और सुनीता बल्हारा भी मौजूद रही।

### समचाना में दो लोगों के खाते से एक लाख निकाले

**सांपला।** समचाना गांव के दो लोगों के खाते से अज्ञात ठगों ने करीब एक लाख रुपये निकाल लिए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। भारती ने शिकायत में बताया कि उसके पास एक युवक का फोन आया। उसने कहा कि उसके पति ने 10000 देने को कहा है क्योंकि उन्हें बहुत जरूरत है। वह उसके पास पहुंचाएगा। महिला ने युवक की बातों में आकर रुपये भेज दिए। इसी तरह उधम के क्रेडिट कार्ड से अज्ञात लोगों ने तीन बार में करीब 89888 रुपए निकाल लिए। इस बात का पता उसे करीब 20 दिन बाद पता चला। उसने इसकी शिकायत बैंक में और पुलिस को दी।

# क्वार्टर फाइनल में एमडीयू ने दिल्ली यूनिवर्सिटी को 9 विकेट से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की एम्प्लाइज क्रिकेट टीम ने संत तुकडोजी महाराज यूनिवर्सिटी, नागपुर द्वारा आयोजित 19वें ऑल इंडिया वाइस चांसलर टी-20 क्रिकेट कप में वीरवार को क्वार्टर फाइनल मैच में दिल्ली विश्वविद्यालय की एम्प्लाइज क्रिकेट टीम को 9 विकेट से हराते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। एमडीयू के नरेन्द्र शीलक ऑलराउंडर प्रदर्शन के चलते मैन ऑफ द मैच बने तथा दीपक कुमार बेस्ट बॉलर रहे।नागपुर के पांडव एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में आयोजित इस मैच में एमडीयू कप्तान राज ने टॉस जीतते हुए पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। एमडीयू के गेंदबाजों ने प्रारंभ से ही सधी हुई गेंदबाजी की और दिल्ली विश्वविद्यालय की टीम पर दबाव बनाए रखा।

एमडीयू के गेंदबाजों की कसी हुई गेंदबाजी के चलते दिल्ली विश्वविद्यालय की टीम 20 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 145 रन बना सकी। एमडीयू की तरफ से गेंदबाज दीपक कुमार ने चार ओवर में 15 रन देते हुए दो विकेट लिए। नरेन्द्र शीलक ने एक विकेट लिया तथा कप्तान राज ने एक रन आउट किया। इसके अलावा पंकज नैन, राज, रामबीर राणा तथा ऋषि सैनी ने भी किफायती गेंदबाजी की।146 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एमडीयू की टीम ने सधी हुई शुरूआत की।



### एमडीयू के पहला विकेट 11.3 ओवर में 111 रन पर नरेन्द्र शीलक के तौर पर पड़ा

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के ओपनर्स नरेंद्र शीलक व डा. विपिन सैनी ने अर्धशतकीय पारी खेली और पहली विकेट के पार्टनरशिप को 100 रन तक पहुंचाया। एमडीयू के पहला विकेट 11.3 ओवर में 111 रन पर नरेन्द्र शीलक के तौर पर पड़ा। जिसके बाद कप्तान राज और डा. विपिन सैनी ने खेल को आगे बढ़ाते हुए 15.2 ओवर में टीम को जीत तक पहुंचाया। नरेंद्र शीलक ने 38 गेंदों पर 57 रन बनाए। डॉ. विपिन सैनी ने 44 गेंदों पर 67 रनों की तथा कप्तान राज ने 12 गेंदों पर 19 रनों की नाबाद पारी खेली। विश एमडीयू की जीत में राज, डॉ. विपिन सैनी, पंकज नैन, नरेन्द्र शीलक, दीपक कुमार, प्रवीन कुमार, योगेन्द्र सिवाच, ऋषि सैनी, आनंद प्रजापति, रामबीर राणा, गौरव दूरेजा, महिपाल, सुनील कुमार, राजेश शर्मा, राजेश रोहिल्ला तथा डॉ. सुखबीर हुड्डा का अहम योगदान रहा।

### वैश्य कॉलेज ने आईएलआर को और जाट महाविद्यालय ने सीपास को हराया



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सरदार वल्लभ भाई पटेल क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित की जा रही इंटर कॉलेज पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता में वीरवार को वैश्य कॉलेज रोहतक ने आईएलआर फरीदाबाद को 10 विकेट से हराया। प्रतियोगिता का शुभारंभ वैश्य एजुकेशन सोसायटी के उप प्रधान दीपक जिंदल ने किया। मैच में आईएलआर फरीदाबाद ने पहले बैटिंग करते हुए 8.5ओवर में मात्र 21 रन बनाए। इसके जवाब में वैश्य कॉलेज रोहतक ने 2 ओवर में 22रन बनाकर मैच 10 विकेट से जीत हंसिल की। वैश्य कॉलेज के हिमांशु ने 4ओवर में 10रन देकर 4 विकेट और कार्तिक में 4 ओवर में 11 रन देकर 3 विकेट लिए। अन्य मैच में जाट कालेज रोहतक ने सी पास गुरुग्राम को 135 रनों से हराया। दूसरे मैच में जाट कालेज रोहतक ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 236 रन बनाए। जाट कालेज के सौरव ने 33 गेंदों में 77रन और कार्तिक ने 16 गेंदों में 52रन बनाए। इसके जवाब में सी पास गुरुग्राम की टीम ने 20ओवर में 101 रन ही बनाए। कोच मुकेश गोयल ने बताया कि शुक्रवार को वैश्य कॉलेज रोहतक और सैनी कॉलेज रोहतक और जाट कालेज रोहतक और जीसी झज्जर के बीच में मैच खेले जाएंगे। सोनीपत और जीसी झज्जर के बीच होगा।सैनी कॉलेज रोहतक और जीसी बादली के बीच होगा।

## तीनों गांवों में आयुष्मान-चिरायु हरियाणा योजना के हैं 4894 लाभार्थी

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का बखेता मुंगाण एवं किशनगढ़ में हुआ स्वागत

अब तक 108 लाभार्थियों ने 38.27 लाख रूपये की राशि का लिया स्वास्थ्य बीमा का लाभ, तीनों गांवों में अब तक स्वतः बनी है 125 पेंशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि जिला के गांवों बखेता, मुंगाण एवं किशनगढ़ में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंचने पर ग्रामीणों ने यात्रा का भव्य स्वागत किया। इन तीनों गांवों में आयुष्मान व चिरायु हरियाणा योजना के कुल 4894 लाभार्थियों में से अब तक 108 लाभार्थियों ने 38.27 लाख रूपये की धन राशि के स्वास्थ्य बीमा का लाभ उठाया है। इन गांवों में अब तक 125 पेंशन स्वतः बनी है।

अजय कुमार ने बताया कि बखेता गांव में 463 लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ दिया जा रहा है। अब तक इस गांव में 37 पेंशन स्वतः बनी हैं। गांव में आयुष्मान व चिरायु योजना के 1008 लाभार्थियों में से 25 लाभार्थियों ने स्वास्थ्य बीमा के तहत 7 लाख 17 हजार का लाभ प्राप्त किया है। मुंगाण गांव में 403 लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ दिया जा रहा है। अब तक इस गांव में 39 पेंशन स्वतः बनी हैं। गांव में आयुष्मान व चिरायु योजना के 1250 लाभार्थियों में से 31 लाभार्थियों ने स्वास्थ्य बीमा के तहत 9 लाख 30 हजार का लाभ प्राप्त किया है। किशनगढ़ गांव में 731 लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ दिया जा रहा है। अब तक इस गांव में 48 पेंशन स्वतः बनी हैं। गांव में आयुष्मान व चिरायु योजना के 2636 लाभार्थियों में से 72 लाभार्थियों ने स्वास्थ्य बीमा के तहत 21 लाख 80 हजार रूपये का लाभ प्राप्त किया है।



रोहतक। उपायुक्त अजय कुमार

### ग्रामीणों को दिलवाई शपथ

उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि कार्यक्रमों के दौरान उपस्थितगण को भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, भारत की एकता को मजबूत करने की शपथ दिलवाया गईं। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान वंचित पात्र लोगों को मौके पर योजनाओं का लाभ दिलवाया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा लोगों के घर द्वार पर पहुंचकर उनके स्वास्थ्य की जांच की जा रही है तथा आवश्यकतानुसार मुफ्त दवाइयां भी वितरित की जा रही हैं। एलईडी स्क्रीन से युक्त वैन के माध्यम से लोगों को योजनाओं की लघु फिल्में दिखाई गई तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का संदेश भी सुनाया गया है। उपस्थितगण को विकसित भारत का संकल्प भी दिलवाया गया।

### प्रधानमंत्री देश के गरीब, महिला, किसान व युवाओं को सशक्त बनाने के लिए हैं कृतसंकल्पः सतीश नांदल





**रोहतक।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत बखेता एवं मुंगाण गांवों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रमों में वरिष्ठ नेता सतीश नांदल व डॉ. दिनेश घिलौड़ ने शिरकत की। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीब, महिला, किसान व युवाओं को मजबूत करने के लिए प्रयासरत है। प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल ने कहा कि संकल्प यात्रा ने मोदी सरकार की गारंटी की गाड़ी द्वारा वंचित पात्र लोगों को मौके पर योजनाओं का लाभ दिलवाया जा रहा है। केन्द्र व प्रदेश सरकार यह सुनिश्चित कर रही हैं कि कोई भी गरीब भूखा न रहे और सभी गरीबों को पक्का मकान मिले। डॉ. दिनेश घिलौड़ ने कहा कि सरकार लोगों के घर द्वार पर पहुंच कर उन्हें योजनाओं का लाभ दे रही है ताकि गरीब व्यक्तियों का जीवन स्तर सुधर सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के गरीब, महिला, किसान व युवाओं को मजबूत करने के लिए प्रयासरत है। भारत को 2047 तक विकसित बनाने के उद्देश्य से देशभर में विकसित भारत संकल्प यात्राएं निकाली जा रही है। सभी नागरिक देश को विकसित बनाने का संकल्प लेकर अपना पूरा योगदान दें। इस अवसर पर भाजपा नेता एवं पलवल प्रभारी डॉ. दिनेश घिलौड़, सरपंच नरेश, अत्र मुगाण, राजकुमार छैला, चेयरमैन सुनील भोलू, मदन, नरेश, प्रवीन, कृष्ण, रवि हुड्डा, रामनिवास, सुनील, नीरज हुड्डा, कृष्ण, सुमिता भाटिया, ओमप्रकाश धनखड़, सुनील, दिलबाग, सूबेदार सूरजभान, नरेश खूंडिया, राजसिंह, अक्षय बखेता, रामनिवास, दिनेश कंसाला, सुखबीर, सुनील मुंगाण आदि मौजूद रहे।

# पीएफ राशि जमा न करवाने पर पीडीएम कॉलेज पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

**इन पर है बकाया**

| नाम | बकाया |
|---|---|
| सांगा एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड झज्जर | 36730696 |
| मैसर्स नफे सिंह इलेक्ट्रिकल्स जींद | 6161126 |
| बीडीपीओ सिरसा | 5991290 |
| बीडीपीओ, रानिया सिरसा | 4276747 |
| बीडीपीओ , रतिया फतेहाबाद | 3450770 |
| बैपटिस्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भिवानी | 3369446 |
| परियोजना निदेशक आत्मा उप निदेशक कृषि भिवानी | 2885802 |
| राधिका स्पिनिंग मिल्स लिमिटेड हिसार | 2374062 |
| बजरंग कंपनी रोहतक | 2268903 |
| शिवा सिक्योरिटी एंड प्लेसमेंट सर्विसेज हिसार | 2130733 |

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के रोहतक स्थित क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारियों ने बताया कि पीएफ देय राशि जमा न करने वाली कंपनियों से वसूली के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। रोहतक कार्यालय के अंतर्गत हरियाणा के रोहतक, भिवानी, चरखी दादरी, झज्जर, हिसार, सिरसा, फतेहाबाद व जींद शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मैसर्सपी डीएम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, बहादुरगढ़ द्वारा अपने कर्मचारियों का भविष्य निधि अंशदान जमा नहीं करवाया जा रहा था। यह कॉलेज कई वर्षों से कानून की अनदेखी कर रहा है और इसकी ओर कुल 11781387 रुपये बकाया राशि देय है। सबसे अधिक बकाएदारों की सूची में दूसरे स्थान पर है। वसूली प्रावधानों के अंतर्गत कॉलेज प्रबंधक को नोटिस दिए जाने के बावजूद देय भुगतान ना चुकाने के कारण 4 जनवरी 2024 को वसूली अधिकारी नरेंद्र कुमार द्वारा बिजेंदर सिंह खिलाफ धारा 8 बी के तहत गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया गया। प्रवर्तन अधिकारी सुदामा यादव के नेतृत्व में संगठन के अधिकारियों की टीम एसएसपी झज्जर के पास वारंट की तामील करवाने के लिए पहुंची। क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त द्वारा सभी कर्मचारी भविष्य निधि नियोक्ताओं से अपील की गई है कि वह अपनी बकाया पीएफ राशि का तुरंत भुगतान करें अन्यथा उनके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## अजय बंसल बने भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष बधाई देने पहुंचे नवनियुक्त जिलाध्यक्ष

**रोहतक।** प्रदेश भाजपा नेतृत्व ने कल देर शाम प्रदेश की प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी की कार्यकारिणी की घोषणा की। जिसमें अजय बंसल को प्रदेश का कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वे पिछले कई वर्षों तक रोहतक भाजपा के जिलाध्यक्ष रहे। नए जिलाध्यक्ष के रूप में एडवोकेट रणवीर ढाका को पार्टी के प्रदेश नेतृत्व ने सबकी सहमति से नियुक्त किया। अजय बंसल ने एक वरिष्ठ नेता होने के नाते ढाका का मार्गदर्शन किया। नई घोषित प्रदेश कार्यकारिणी में ढाका को दोबारा जिलाध्यक्ष बनाया गया है। घोषणा के उपरांत देर रात तक नेताओं व कार्यकर्ताओं का बधाई देने के लिए तांता लगा रहा। बंसल परिवार ने भी यह सम्मान मिलने पर खुशी जाहिर की और पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। अजय बंसल ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है वह उसे पूरा करेंगे। बधाई देने वालों जिला उपाध्यक्ष हरिओम मित्तल भाली, डॉ. अशोक रंगा, वजीर खोखर, राजू रावत, मंडल अध्यक्ष सुरेश सैनी, मनोज शर्मा, सुमित वेराम, सोमेश बंसल आदि मौजूद रहे।

# मोदी सरकार की गारंटी वाली गाड़ी गरीब वंचितों को दिलवा रही हकः राधा अहलावत

- केंद्र व प्रदेश सरकार ने प्रदेश में करवाया है अभूतपूर्व विकास
- पात्र गरीब लोगों को घर द्वार पर दिया जा रहा है योजनाओं का लाभ
- किशनगढ़ गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ महम



महम। नववर्ष के कलेंडर जारी करते हुए स्थानीय भाजपा नेता।

विकसित भारत संकल्प यात्रा का किशनगढ़ गांव में वरिष्ठ नेत्री राधा अहलावत एवं प्रदेश मीडिया सहप्रभारी शमशेर खरक ने स्वागत किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में एक समान रूप से अभूतपूर्व विकास कार्य करवाये है।

घर बैठे पात्र व्यक्तियों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा व्यवस्था परिवर्तन कर योजनाओं का सीधा लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाया है। सरकार द्वारा किसानों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा में लोगों को वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए संकल्प दिलवाया जा रहा है। केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही योजनाओं का विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से मौके पर वंचित पात्र लोगों को लाभ दिया जा रहा है।

राधा अहलावत ने बताया कि सरकार द्वारा वंचित गरीबों को उनका हक दिलवाया गया है। वृद्धावस्था सम्मान भत्ता के लिए अब 60 वर्ष आयु पूर्ण करने व अन्य पात्रता शर्तों को पूर्ण करने वाले बुजुर्गों की स्वतः पैंशन बन रही है।

उपस्थितगण को विकसित भारत की शपथ भी दिलवाई गई तथा विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर पात्र लोगों को योजनाओं का मौके पर लाभ दिया गया।

# जरूरतमंद बच्चों को बांटे स्वेटर व जुराबें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

नववर्ष पर नव संकल्प लेकर हमें समाज के पिछड़े तबके के उत्थान के लिए आगे आना चाहिए। इससे ही समाज में खुशहाली आएगी। ये बात प्रवासी बच्चों के शिक्षण व प्रशिक्षण में लगी अभिनव टोली में गुरुवार को माइक्रोन पृथ्वी फाउंडेशन की वाइस प्रेसीडेंट पूनम विग ने कही।

इस मौके पर उन्होंने जरूरतमंद बच्चों को गर्म स्वेटर और जुराबें भेंट की। फाउंडेशन की ओर से बच्चों को खाना भी खिलाया गया। अभिनव टोली के संचालक जगदीप जुगनू के आग्रह पर उन्होंने सभी बच्चों को ट्रैक सूट बांटने की भी घोषणा की।

इससे पहले पूनम विग, निधिमा विग, कर्नल रि. एसएस मान ने बच्चों द्वारा बनाई गई कबाड़ से जुगाड़ कला प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। प्रशिक्षिका संतोष गुप्ता ने बताया कि बच्चे बेकार पड़े सामान से यह सुंदर कलाकृतियां तैयार करते हैं। बच्चों द्वारा तैयार सामान देश-विदेश के कई शहरों में जा चुका है। सभी ने बच्चों की कला की खूब प्रशंसा की और उन्हें गिफ्ट पोटली बनाने का ऑर्डर देकर उनका उत्साहवर्धन किया।




### फाउंडेशन बच्चों की शिक्षा और खेल के क्षेत्र में काम कर रही

कर्नल मान ने बताया कि माइक्रोन पृथ्वी फाउंडेशन बच्चों की शिक्षा और खेल के क्षेत्र में काम कर रही है। वहीं, अभिनव टोली के संचालक जगदीप जुगनू ने कहा कि यहां पर बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ कंप्यूटर, ब्यूटी पार्लर, वीडियो एडिटिंग, कैमरा, सिलाई-कढ़ाई, आर्ट एंड क्राफ्ट, पेंटिंग आदि का मुफ्त प्रशिक्षण दिया जाता है।

**न्यायालय श्री बंसी लाल संयुक्त सब रजिस्ट्रार, रोहतक**

**नोटिस बनाम आम जनता**

सर्वसाधारण को इस नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि नरेन्द्र पुत्र बलबीर उर्फ बीरबल निवासी गांव बालंद तहसील व जिला रोहतक ने इस कार्यालय में अपनी बहन बिमला पुत्री बलबीर निवासी गांव बालंद तहसील व जिला रोहतक द्वारा लिखित वसीयतनामा दिनांक 03.10.2018 बाहक अपने भाई नरेन्द्र पुत्र बलबीर उर्फ बीरबल पुत्र परस राम निवासी गांव बालंद तहसील व जिला रोहतक पंजीकरण हेतु प्रस्तुत किया है। यह वसीयतनामा स्व. बिमला पुत्री बलबीर उर्फ बीरबल के दिनांक 12.10.2018 के मरणोपरांत पंजीकृत करने हेतु दिनांक ......... को इस कार्यालय में पेश किया गया है। इस वसीयतनामा को पंजीकृत करने के सम्बंध में अगर किसी को भी एतराज हो तो इस नोटिस के प्रकाशित होने के 30 दिन ( एक महीना) तक इस न्यायालय में असालतन या वकालतन हाजिर होकर अपने एतराजात पेश कर सकता है। बाद गुजरने मियाद कोई उजर मान्य ना होगा और यह वसीयतनामा रजिस्टर्ड कर दिया जायेगा। आज दिनांक 6-12-23 को हस्ताक्षर मेरे व मोहर न्यायालय के साथ जारी किया गया।

संयुक्त सब रजिस्ट्रार, रोहतक।

## भक्तिधारा गो सेवा ट्रस्ट ने श्रीमद भागवत साप्ताहिक कथा का सातवां दिन

# श्रीकृष्ण भक्त एवं बाल सखा सुदामा के चरित्र का वर्णन किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

भक्तिधारा गौ सेवा ट्रस्ट द्वारा श्रीमद भागवत साप्ताहिक कथा ज्ञानयज्ञ के सातवें दिन कथा वाचक आचार्य देव कृष्ण शौनक महाराज ने श्रीकृष्ण भक्त एवं बाल सखा सुदामा के चरित्र का वर्णन किया गया। श्रीकृष्ण एवं सुदामा के मित्रता के बारे में उन्होंने बताया कि सुदामा के आने की खबर पाकर किस प्रकार श्रीकृष्ण दौड़ते हुए दरवाजे तक गए थे। पानी परात को हाथ छूवो नाही, नैनन के जल से पग धोये। योगेश्वर श्रीकृष्ण अपने बाल सखा सुदामा की आवभगत में इतने विभोर हो गए के द्वारका के नाथ हाथ जोड़कर और अंग लिपटाकर जल भरे नेत्रों से सुदामा का हाल चाल पूछने लगे। उन्होंने बताया कि इस प्रसंग से हमें यह शिक्षा मिलती है कि मित्रता में धन, दौलत आड़े नहीं आती। सुदामा चरित्र की कथा सुनकर एवं कृष्ण एवं सुदामा के मिलन की झांकी का दृष्य देख पंडाल में मौजूद भक्त भाव विभोर हो गये। राधे-कृष्ण के जयकारों से पंडाल गुंजायमान हो उठा।

### मनुष्य स्वंय को भगवान बनाने के बजाय प्रभु का दास बनने का प्रयास करें

सुदामा चरित्र की कथा सुनाते हुए कथा व्यास ने कहा कि मनुष्य स्वंय को भगवान बनाने के बजाय प्रभु का दास बनने का प्रयास करे क्योंकि भक्ति भाव देख कर जब प्रभु में वात्सल्य जागता है तो वे सब कुछ छोड़कर अपने भक्तरूपी संतान के पास दौड़े चले आते हैं। गृहस्थ जीवन में मनुष्य तनाव में जीता है जबकि संत सद्भाव में जीता है। यदि संत नहीं बन सकते तो संतोषी बन जाओ। संतोष सबसे बड़ा धन है। उन्होंने श्रोताओं से कहा कि नियमित सात दिन तक कथा सुनने से जन्म जन्म के पापों से मुक्ति मिलती है। शौनक महाराज ने कहा कि कलयुग में माता-पिता और गुरु भक्ति करने से पापों का नाश होता है। मनुष्य को आत्मचिंतन और आत्म साक्षात्कार की आवश्यकता है। कथा केवल सुनने के लिए नहीं है बल्कि इसे अपने जीवन में उतारें, इसका अनुसरण करें। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि प्रतिदिन माता-पिता का आदर करें, सूर्य को अर्घ्य अर्पण करें, भगवान को भोग लगाएं, गाय को रोटी दें और अपने आत्मविश्वास को हमेशा कायम रखें। अपनी संपत्ति का कुछ हिस्सा अच्छे कार्यों के लिए अवश्य निकालें।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

सैक्स समस्याएं
MOST TRUSTED SEXOLOGIST AWARDEE


निःसंतान दम्पत्तियों
को शादी के सालों साल बाद जब हमारे ईलाज से उन दम्पत्तियों को संतान सुख प्राप्त हुआ, उन लाभार्थ दम्पत्तियों के नाम व पते हमारे पास सुरक्षित हैं।
पुल पार, हिसार रोड, रोहतक 9215161430

चेहरे की सुंदरता बढ़ाएं


मोटापा घटाएं, जोड़ों (घुटनों/डिस्क) दर्द, गंजापन (बालों का झड़ना/सफेद होना) ब्रेस्ट क्रीम (महिला), पुरूष रोग (जोश व टाईम) हर्बल कोर्स मंगवाएं
अभी ऑर्डर करें। घर बैठे मंगवाएं
8529169000
MHC Ayurveda: Rohtak Gate, Bhiwani
आवश्यकताः महिला (घर बैठे काम करें)

## खबर संक्षेप

### रक्तदान करना पुण्य का कार्यः सांसद

**रोहतक।** सांसद दीपेंद्र हुड्डा के 46वें जन्मदिवस पर गांव कंसाला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। बिट्टू हुड्डा, राजबहादुर शर्मा, देवराज कंसाला, मोहित खोखर, अरुण खोखर ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से हम किसी की जिंदगी बचा सकते हैं। रक्तदान से बढ़कर जीवन में कोई पुण्य का कार्य नहीं हैं। जहां रक्तदान करके रक्तदाता दूसरों को जीवनदान देते हैं वहीं रक्तदाता स्वयं को भी शारीरिक रूप से फिट बनाते हैं।

### दस किलोमीटर दौड़ में जीता सोना

**रोहतक।** रोहतक रनर्स ग्रुप के धावक, बीएसएनएल निगम




कार्यालय नई दिल्ली में सहायक महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत अरविन्द पाल दहिया ने जवाहर लाल नेहरु स्टेडियम में आयोजित दिल्ली मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 10 किलोमीटर दौड़ पूरी करके स्वर्ण पदक जीता है। उन्होंने 43:28:66 मिनट में यह दौड़ पूरी की। अब अरविंद पाल दहिया 13 फरवरी से 17 फरवरी तक पुणे महाराष्ट्र में होने वाले 44वें राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में दिल्ली को रिप्रेजेंट करेंगे।

# सर्दियों में बढ़ती चोरी रोकना पुलिस के लिए बना चुनौती

## चोर उठाने लगे कोहरे का फायदा, अधिकतर बंद मकानों को बनाया जाता है निशाना

■ कई जगह गाड़ियों के तोड़े थे शीशे, पुलिस गश्त पर सवाल

नीरज वर्मा ▶▶| रोहतक

जिल में कड़ाके की सर्दी पड़ने के साथ ही चोरी की वारदातें बढ़ने लगी हैं। चोर कोहरे का भी फायदा उठाते हैं। अधिकतर मामलों में बंद मकानों को निशाना बनाकर चोर लाखों की चोरी कर रहे हैं। आए दिन होने वाली वारदातों से आमजन में भय का माहौल है। साथ ही कुछ दिन पहले ही शिवाजी कॉलोनी में दर्जनों कारों के शीशे तोड़ दिए गए थे। ऐसी घटनाएं पुलिस गश्त पर भी सवाल उठा रही हैं।

बता दें कि चोर जींद रोड, सल्लारा मोहल्ला, अंबेड़कर चौक व भालौठ में वारदात अंजाम देकर लाखों की नकदी, जेवरात व अन्य सामान निकाल कर ले गए। वहीं, एक दिसंबर में डीएलएफ कॉलोनी स्थित आटा चक्की से 47 हजार रुपये चोरी कर ले गए। जबकि सिटी थाना एरिया से एक घर से चोर अलमारी में रखी दो जोड़ी पायल व अन्य सामान चुरा ले गए। साथ ही सिटी थाना पुलिस एरिया में 20 दिसंबर को घर का ताला टूटा मिला। अंदर से लाखों के


फाइल फोटो

जेवरात व नकदी चोरी हुए मिले। लेकिन पुलिस अभी तक चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। इसके अलावा भी चोरी की कई घटनाओं के आरोपी पुलिस की पकड़ से फरार चल रहे है।

**केस 1:** नेहरू कॉलोनी निवासी दुकानदार विनीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके दो मकान हैं। एक में वे रहते हैं और दूसरा मकान बंद रहता है। दूसरे मकान में वे कभी कभार जाते थे। जब वे सुबह करीब 10 बजे पहुंचा तो घर के गेट का ताला टूटा हुआ था। जब मकान के अंदर जाकर देखा तो कमरे का भी कुंड़ा टूटा हुआ मिला। जब अंदर जाकर चेक किया तो सारा बेड का सामान व अलमारी का सामान बिखरा हुआ था। चेक किया तो पाया उनके करीब पांच हजार रुपये कैश व अन्य सामान चोरी हुआ मिला।

**केस 2:** पुरानी सब्जी मंडी पुलिस के मुताबिक सल्लारा मोहल्ला निवासी जयपाल ने बताया कि उसके परिवार में चारों सदस्य प्राइवेट नौकरी करते हैं। सुबह पत्नी उर्मिला, राहुल व रोहित किला रोड व शौरी मार्केट और पालिका बाजार में चले गए। वह चिनाई मिस्त्री का काम करता है। शाम साढ़े पांच बजे वापस आए तो सामान बिखरा मिला। लाखों के जेवरात व 60 हजार की नकदी गायब मिली।

**केस 3:** गांव गिझी निवासी सरोज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह लंबे समय से जींद बाईपास पर मकान में रह रही थी। कुछ समय पहले ही गांव में चली गई। पड़ोसियों ने बताया कि मकान में चोरी हुई है। वह पहुंची तो घर के अंदर सारा सामान बिखरा मिला। अलमारी से 40 हजार की नकदी व लाखों के जेवरात गायब मिले।

### गश्त बढ़ाने के दिए निर्देश



सर्दी के दिनों में चोरी की वारदातें नहीं हो, इसके लिए सभी चौकी और थाना प्रभारियों को गश्त बढ़ाने के निर्देश हैं। रिहायशी और बाजारों में गश्त को बढ़ा दिया है। दुकानदार भी अपने दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाएं, ताकि चोरी की वारदातें करने वाले आरोपियों को जल्द काबू किया सके।

-हिमांशु गर्ग, एसपी रोहतक

**केस 4:** अंबेड़कर कॉलोनी निवासी पिन्नु ने सिटी थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 19 दिसंबर की रात करीब 10 बजे उसे पथरी का दर्द हो गया। पत्नी मायके गई हुई थी। वह बहन पुष्पा के साथ पीजीआई चला गया। 20 दिसंबर को वह बहन के साथ घर आया तो ताला टूटा मिला। अंदर से लाखों के जेवरात व नकदी चोरी मिली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

**केस 5:** गांव भालौठ निवासी नवीन ने आईएमटी थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 20 दिसंबर को दिनदहाड़े चोर मकान में घुसे और 5 हजार की नकदी व घरेलू सामान चुराकर ले गए। उस समय वह खेत में गया हुआ था। भाई ने कॉल करके सूचना दी। इस संबंध में आईएमटी थाने में केस दर्ज किया गया है।

**केस 6:** खिड़वाली स्थित सरकारी स्कूल की प्राचार्या ने बताया कि रोजाना की भांति स्कूल को बंद कर वह घर चले गए कि पीछे से चोर स्कूल के कमरे का ताला तोड़कर मिड डे मील का सामान चोरी कर ले गए। प्राचार्या ने बताया कि चोर दो सौ किलो चावल, दो भट्टी, एक बडा तवा, लोहे का गेट सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए।

**केस 7:** डीएलएफ कॉलोनी निवासी हरीश ने सिटी थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कच्चा बेरी रोड स्थित रेलवे लाइन के पास उसकी आटा चक्की है। सुबह करीब 6 बजे वह चक्की पर पहुंचे तो ताले टूटे हुए मिले। अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा होने के साथ ही काउंटर में रखे 47 हजार रुपये गायब मिले।

**केस 8:** पीड़िता सीमा ने सिटी थाना पुलिस को दी शिकातय में बताया कि उसका मायका बहादुगढ़ में है। 28 नवंबर को मकान में ताला लगाकर मायके गई थीं। शनिवार को जब वह घर पहुंची तो ताला टूटा था। घर के अंदर जाकर देखा तो अलमारी खुली होने के साथ ही सामान बिखरा था। पीड़िता ने बताया कि चोर अलमारी में रखे सारे गहने और नकदी ले गए। सिटी थाना पुलिस ने केस दर्ज किया है।



# मुआवजा के लिए किसानों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

■ किसानों ने रबी 2022,रबी-खरीफ 2023 और खरीफ 2023 के संबंध में आ रही दिक्कतों से उपमंडल अधिकारी को अवगत करवाया

अखिल भारतीय किसान सभा ने फसल खराबे के लंबित मुआवजे जारी करवाने के लिए वीरवार को एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। मांगपत्र में किसानों ने रबी 2022,रबी-खरीफ 2023 और खरीफ 2023 के संबंध में आ रही दिक्कतों से उपमंडल अधिकारी को अवगत करवाया। किसान सभा राज्य महासचिव सुमित दलाल ने बताया रबी 2021- 22 के फसल खराबे का मुआवजा आज तक पूरा नहीं वितरित किया गया । जो थोड़ा बहुत मुआवजा वितरित हुआ है, उसमे भी काफी दिक्कतें आ रही हैं। किसी का कम मुआवजा दिया गया । काफी किसानों के खाते में मुआवजा नही आया।

### कई गांवों में हजारों एकड़ फसल हुई थी बर्बाद

इस मौके पर सभा के जिला प्रधान प्रीत सिंह ने बताया कि बाढ़ और भारी बारिश से रोहतक जिले के कई दर्जन गावों में हजारों एकड़ में धान और गन्ने की फसल बर्बाद हो गई थी। इनका अभी तक किसानों को कोई मुआवजा नही मिला। इससे किसानों में रोष है । सरकार मुआवजा जारी करने की झूठी वाहवाही लूट रही है। इसके साथ ही ओलावृष्टि और बारिश से जिन गावों में रबी 2022- 23 की गेहूं की फसल बर्बाद हो गई थी, उनके मुआवजे पर भी प्रशासन और सरकार कोई जवाब नही दे रहा । सिंह ने बताया कि फसलों की स्पेशल गिरदावरी की थी। जिसका मुआवजा अभी तक नहीं मिला । इन तीनों मुआवजे को जारी करवाने के लिए आज किसान सभा ने एसडीएम को ज्ञापन दिया । एसडीएम ने मुद्दो के समाधान का आश्वासन दिया है।

### ये रहे मौजूद

ज्ञापन सौंपने वालों में राजेश किलोई,चांद रिठाल,सुरेंद्र रिठाल ,रोहतास,कृष्ण वशिष्ठ,रामफल उमेद गरनावठी, राजेश कुमार मुंगान,जगदीश, राजेंद्र, बीरेंद्र,सतीश , जितेंद्र,कप्तान, राजेश जांगड़ा औरअशोक राठी आदि शामिल रहे।



# जाट कॉलेज में विद्यार्थियों को वोट बनवाने के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

■ नोडल अधिकारी सचिन हुड्डा ने विद्यार्थियों को दी जानकारी

अखिल भारतीय जाट सूरमा स्मारक महाविद्यालय में वीरवार को विद्यार्थियों की वोट बनवाने के लिए जागरूक किया गया। कैंप में विद्यार्थियों को नए मत बनवाने के प्रति महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कॉलेज में वोटर कार्ड बनवाने के कन्वीनर डॉ. अशोक खासा व डॉ. जसमेर सिंह ने बताया कि कॉलेज में प्राचार्या डॉ. शबनम राठी के दिशा-निर्देशन में विद्यार्थियों को नए वोट बनवाने के प्रति जागरूक किया गया और विद्यार्थियों के वोट बनाने का कार्य किया गया। जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से टीम के नोडल अधिकारी सचिन हुड्डा ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन से विद्यार्थियों को नए मत बनवाने के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि टीम 18 से अधिक आयु वाले सभी नागरिकों की पहचान कर उनके वोटर कार्ड बनाने का काम कर रही है।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर बीएलओ कृष्णचंद, बीएलओ रामरत्न, राकेश, डॉ. नीरा, डॉ. अशोक खासा, डॉ. जसमेर सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

### सत जीन्दा कल्याणा कॉलेज में लगाया मतदाता जागरूकता शिविर

**कलानौर।** सत जीन्दा कल्याणा महाविद्यालय कलानौर में मतदाता जागरूकता प्रकोष्ठ के तत्वाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें राजेश कुमार तहसीलदार मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को मतदान करने के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष व इससे अधिक आयु के छात्र व छात्राओं को मतदान अवश्य करना चाहिए। मतदान करने का अधिकार देश के हर नागरिक को है। बीईओ सुनीता चहल व राजकीय विद्यालय कलानौर से आए अशोक कुमार व संजीव ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार दुआ, डॉ. सतीश नरवाल, हरीश चन्द्र, उर्मिला दलाल, डॉ. उमेश कुमार, डॉ. कृष्ण कुमार, डॉ. शिवेन्द्र, दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।





# अयोध्या से आया निमंत्रण पत्र संकट मोचन मंदिर को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर की महंत गद्दीनशीन साध्वी मानेश्वरी देवी को वीरवार श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या ट्रस्ट ने निमंत्रण पत्र भेजा। विश्व हिन्दू परिषद से तिलक राज जुनेजा, मुनिष नारंग, विजय चुप, प्रिन्स दुआ, विशाल ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या के भव्य राम मंदिर में रामलला को विराजमान कराया जाएगा। इसका निमंत्रण पत्र मिलने पर श्रीराम भक्तों में खुशी की लहर है। भजन गाकर निमंत्रण पत्र को स्वीकार किया गया। उन्होंने कहा कि 22 को हमें घर घर कीर्तन और 5 दिए जलाकर दीपावली की तरह माहौल बनाना है।

# मिड-डे मिल वर्कर्स की रैली 11 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



■ करनाल में होगी रैली, रोहतक की सैकड़ों वर्कर करेगी

मांगों को लेकर करनाल में 11 जनवरी को होने वाली मिड डे मील वर्कर्स यूनियन (सीटू) की रैली में रोहतक से सैकड़ों वर्कर भाग लेंगी। रैली के मद्देनजर जिला कमेटी रोहतक की मीटिंग बबीता घडौठी की अध्यक्षता में सुखपुरा चौक स्थित प्रभात भवन में हुई। प्रदर्शन की तैयारियों के लिए रोहतक जिले के पांचों ब्लॉको में अभियान तेज कर 11 जनवरी को होने वाली रैली में भाग लेने की अपील की जाएगी।

यूनियन की प्रदेश सचिव रीना ने कहा कि सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा मात्र एक छलावा है। न ही मिड डे मील वर्करों को समय पर मानदेय मिलता है और न ही कोई सामाजिक सुरक्षा की कोई गारंटी है। उन्होंने कहा कि मिड डे मील वर्कर्स 12 महीने काम करती हैं और सरकार की तरफ से मानदेय 10 महीने का मिलता है। नई शिक्षा नीति के नाम पर सरकारी स्कूली व्यवस्था का भट्ठा बिठाया जा रहा है। मर्जर के नाम पर लगभग 5000 सरकारी स्कूल पिछले 5 वर्षों में बंद हो चुके हैं। प्राइवेट स्कूली शिक्षण संस्थाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है। सीटू जिला अध्यक्षा कमलेश लाहली, सहसचिव प्रकाश चंद्र ने कहा कि हरियाणा में करीब 29000 हजार मिड डे मिल वर्कर काम कर रही हैं और स्कूल में बच्चों को पौष्टिक आहार दे रही हैं। पिछले लगभग 2 महीने से मानदेय नहीं मिला। इन्हीं मांगो को लेकर राज्य कमेटी के आह्वान पर हरियाणा की मिड डे मिल वर्कर्स 11 जनवरी की करनाल में मुख्यमंत्री आवास पर प्रदर्शन करेंगी।

# वार्ड 13 में हाई मास्ट लाइट लगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



■ भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रबंधन प्रकोष्ठ के सदस्य खुराना ने मॉडल में स्थित चौधरी मित्र सेन सिंधु पार्क में हाई मास्ट लाइट का लोकार्पण किया

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश चुनाव प्रबंधन प्रकोष्ठ के सदस्य अशोक खुराना ने मॉडल में स्थित चौधरी मित्र सेन सिंधु पार्क में हाई मास्ट लाइट का लोकार्पण किया। भारतीय जनता पार्टी जल संसाधन प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नरेंद्र खट्टर व सुभाष नगर वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान कश्मीरी लाल निगरानी ने नारियल फोड़कर कार्य का शुभारंभ किया। अशोक खुराना ने बताया कि चौधरी मित्र सेन सिंधु पार्क, झंग कॉलोनी में नर्सरी पार्क व एकता पार्क, सुभाष नगर के शिव मंदिर-गुरुद्वारा चौक पर लोकसभा सांसद डॉक्टर अरविंद शर्मा की सांसद विकास निधि से चार हाई मास्ट लाइट व 43 एल ई डी स्ट्रीट लाइट लगाई गई हैं। इससे आसपास का क्षेत्र दूधिया रोशनी से जगमग हो गया है।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अंधेरा छंटेगा व राहगीरों को सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि वार्ड नंबर 13 में 43 नई स्ट्रीट लाइट भी लगाई गई है। पार्षद प्रतिनिधि अशोक खुराना ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में वार्ड नं 13 में 11 करोड़ रुपये के विकास कार्य करवाए गए हैं और एक करोड़ से ज्यादा के विकास कार्यों की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। शीघ्र ही सुभाष नगर की बाल्मीकि बस्ती, प्रेम नगर की धर्मेंद्र कंबोज वाली गली, विकास नगर में अशोक भाम्बरी के साथ वाली गली का निर्माण शुरू हो जाएगा। 22 लाख की लागत से वार्ड में विभिन्न मरम्मत का कार्य करवायें जा रहे हैं।

### अठखेलियां ...



**रोहतक।** बृहस्पतिवार को जेएलएन नहर पर ठंडे मौसम का आनंद लेता कबूतरों का समूह। **फोटो : अनिल चहल।**

### सांसद के दीपेंद्र हुड्डा के जन्मदिन पर लगाया नेत्रजांच शिविर

**रोहतक।** राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा के जन्मदिन पर पुरानी आईटीआई में नेत्रजांच शिविर का आयोजन आशादीप उज्जवल हरियाणा एवं पूर्व नेत्र अधिकारी डॉ. दिनेश शर्मा एवं उनकी टीम द्वारा किया गया। मुख्यातिथि पूर्व राज्यसभा सांसद शादी लाल बत्रा रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि विधायक भारत भूषण बत्रा एवं कांग्रेस नेता चक्रवर्ती शर्मा रहे। डॉ. दिनेश शर्मा ने बताया कि इस दौरान 200 लोगों की आंखों की जांच की गई। समाजसेवी जगत सिंह गिल ने बताया कि आंखे जीवन का अहम हिस्सा हैं। मृत्यु उपरांत इनका दान करें ताकि किसी के जीवन में रोशनी आ सके।इस अवसर पर सीताराम सचदेवा, गीता भारती, राजेंद्र शर्मा,अश्वनी वशिष्ठ, राजीव अत्री, चरणजीत शर्मा, विकास परमार, डॉक्टर चमत्कार नागर, रवीश ग्रेवाल, संगीता शेरावत, सुरेन्द्र बत्रा, सुनील बल्ली आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## पटवारी-कानूनगो का धरना दूसरे दिन भी जारी रहा

# आगामी आंदोलन की आज बनेगी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पे ग्रेड लागू करवाने और पदोन्नति परीक्षाओं का परिणाम समय से जारी करने की मांग को लेकर वीरवार को दूसरे दिन भी जिले के पटवारी और कानूनगो हड़ताल पर रहे। रोहतक तहसील कार्यालय के बारे कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

हड़ताल की वजह से राजस्व विभाग के कार्य प्रभावित हुए। 5 जनवरी शुक्रवार पूर्व निर्धारित आंदोलन का अंतिम दिन है। इसके बाद मांगों को लेकर कर्मचारी भविष्य की क्या रणनीति बनाएंगे, इसका निर्णय शुक्रवार शाम को होगा। बृहस्पतिवार को पटवारी-कानूनगो एसो. के राज्य प्रधान आंदोलन को नई धार देने के लिए फतेहबाद, हिसार और सिरसा पहुंचे। वहां आंदोलनकारियों से भविष्य के आंदोलन को लेकर विचार-विमर्श किया। तहसील कार्यालय पर दी जा रहे धरने की अध्यक्षता करते हुए दी रेवेन्यू पटवारी एवं कानूनगो एसो. के प्रधान रवि सैनी ने कहा कि सरकार पटवारी और कानूनगो की मांग को लेकर संवेदनहीनता दिखा रही है। हर साल कर्मचारियों को आंदोलन करना पड़ता है। इन्होंने बताया कि जनवरी 2023 में मांगों को लेकर धरने पर बैठे। तब सरकार ने कहा कि आंदोलन खत्म कर दें, मांगें पूरी कर दी जाएंगी। कर्मचारियों ने सरकार पर भरोसा किया। लेकिन सरकार ने विश्वास को तोड़ दिया। जिसकी वजह से अब फिर से आंदोलन शुरू करना पड़ा। प्रधान ने कहा कि अबकि सरकार पर भरोसा नहीं किया जाएगा।




**रोहतक।** अपनी मांगों के लिए धरना के दौरान नारेबाजी करते हुए पटवारी-कानूनगो। फोटो : हरिभूमि

# महम तहसील में कई तरह के कार्य प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

पिछले दो दिन से राजस्व विभाग के पटवारी और कानूनगो हड़ताल पर हैं। महम तहसील में पटवारी और कानूनगो ड्यूटी पर नहीं पहुंचे। बुधवार और वीरवार को यहां के पटवारी और कानूनगो रोहतक जिला मुख्यालय पर आयोजित हड़ताल में भाग लेने पहुंचे।

महम में पटवारी और कानूनगो ने किसी तरह का धरना प्रदर्शन नहीं किया। लेकिन राजस्व विभाग के पटवारी और कानूनगो के हड़ताल पर चले जाने की वजह से महम तहसील में कई तरह के कार्य प्रभावित हुए। हालांकि हड़ताल के दौरान भी महम तहसील में जमीनों की रजिसट्रियां करने का काम चल रहा है। लेकिन उनकी संख्या में कमी आई है।



नायब तहसीलदार दीपक धांगड़ ने बताया कि जमीनों के इंतकाल और फर्द को वैरिफाई करने का काम रुक गया है। उनके कार्यालय से पटवारियों की ड्यूटी लगाई जाती थी, कि वे अमुक रिपोर्ट कार्यालय में प्रस्तुत करें। लेकिन विभिन्न जमीन संबंधित मामलों की रिपोर्ट नहीं हो पा रही हैं।